Individual Letters in this regard have been sent on Thursday, June 6, 2024 to the concerned shareholders at their address registered with the Company. Further the statement containing the details of name, address, folio number and number of shares due for transfer is made available on Company's Website **www.kcfl.co.in** for information and necessary action by the concerned shareholders.

Shareholders who have not claimed the dividends for the last seven years are advised to claim the dividends by writing to the Company on or before Tuesday, October 15, 2024 or such other date as may be extended. In case, no valid claim is made on or before the said date, the Company will take required action for transfer of the shares to the IEPF Suspense Account.

Concerned shareholders holding shares in physical form and whose shares are liable to be transferred to IEPF, may note that the Company would be issuing duplicate share certificate in lieu of the original certificate held by them for the purpose of transfer of shares to IEPF and the Company shall inform the depository by way of corporate action to convert the duplicate share certificate into demat form and transfer in favour of IEPF. Further that the original share certificate which is registered in the name of original shareholders and Transferred to the IEPF will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable. Concerned shareholders holding shares in dematerialized form may note that the Company shall inform the depository by way of corporate action for transfer of shares in favour of the demat account of the IEPF.

In case, the concerned shareholders wish to claim the shares after transfer to IEPF, a separate application has to be made to the IEPF Authority in Form IEPF - 5, as prescribed under the Rules and the same is available at IEPF Website **(www.iepf.gov.in)**

**Please note that no claim shall lie against the Company and its Registrar & Share Transfer Agent in respect of unclaimed dividend amount & Shares transferred to IEPF Authority pursuant to said rules.**

For any clarification on the matter, please contact the Company Secretary & Compliance Officer of the Company at The B Zone, 7th Floor, Pipliya Kumar, Nipania Main Road, Indore-453771 (M.P.), Telephone : 0731-4753666, **e-mail: secretarial@kcfl.in** or may contact Company's Registrar & Share Transfer Agent, M/s. Ankit Consultancy Private Limited at 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore 452010 (M.P.), Telephone: 0731-4065799, 98, 97 **e-mail: investor@ankitonline.com.**

By order of the board
For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
**Sejal Maheshwari**
(Company Secretary & Compliance Officer)

Place : **Indore**
Date : **09.07.2024**

VIGILANCE

## एक नजर

### बाल कलाकार का सोशल मीडिया अंकाउट हैक

इंदौर। इंदौर के एक बाल कलाकार का सोशल मीडिया अंकाउट हैक हो गया। उसने सायबर सेल में मामले की शिकायत की है। क्राइम ब्रांच की टीम इस मामले में जांच कर रही है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के पास बाल कलाकार अवि शर्मा अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनका सोशल मीडिया अंकाउट किसी ने हैक किया है। इसके बाद उन्होंने सायबर में शिकायत की। अवि शर्मा ने स्वच्छ शहर इंदौर का नाम रोशन करते हुए बाल हनुमान पुस्तक लिखी थी। जिसके बाद पूरे देश भर में उन्होंने काफी ख्याति प्राप्त की थी यहां तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाल कलाकारों से चर्चा के दौरान अभी से भी कई विषयों पर चर्चा की थी और अभी को काफी प्रोत्साहित करते हुए आशीर्वाद दिया था। शर्मा के फेसबुक और यूट्यूब पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स हैं, इसी कारण से साइबर अपराधी ने उनका अकाउंट भी हैक किया है। फिलहाल साइबर सेल पूरी तरह से जांच पड़ताल में जुटा है

### पुरानी रंजिश में किया पथराव

इंदौर । एमआईजी इलाके में पुरानी रंजिश में एक युवक के घर पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने यहां जमकर पत्थर बरसाए, गनीमत रही किसी को चोट नहीं आई है। एमआईजी थाने में फरियादी योगेश साहू पिता श्यामलाल साहू निवासी संजय नगर की शिकायत पर आरोपी यश जायसवाल निवासी छोटी भमोरी, सनी यादव और उसके साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है । दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। कल आरोपी आधी रात को योगेश के घर पहुंचे उसे गालियां देने लगे और ललकार कर बाहर बुलाया । योगेश बाहर नहीं निकला तो पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। इस पत्थर बाजी में पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई थी, योगेश के घर के दरवाजे और खिड़कियों के कांच टूटे हैं।

### जमाई के लिए खाना बनाना सास को पड़ा महंगा

इंदौर । लसूड़िया इलाके में बुजुर्ग महिला पर उसकी बहू ने ही तवे से हमला कर उसे घायल कर दिया। बुजुर्ग महिला अपने दामाद के लिए खाना बना रही थी, यही बात बहू को अखर गई। घरेलू झगड़े में उसने सास पर ऐसा हमला किया की सास अचेत हो गई। लसूडिया पुलिस के अनुसार फरियादी संजू बाई अग्रवाल निवासी बीजूखेड़ी कांकड़ की शिकायत पर उसकी बहू आरती पति अंकित अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल संजू बाई का दामाद उनके साथ ही रह रहा है ,संजू बाई कल शाम को काम पर से आई और घर पर दामाद के लिए खाना बनाने लगी। बहू आरती ने यह देखा तो वह नाराज हो गई, उसका कहना था कि रोज-रोज जमाई को घर बैठ कर क्यों खाना खिला रही है। संजू बाई ने विरोध किया तो बहू आरती ने मारपीट शुरू कर दी। उसने वहीं रखा गरम तवा उठाया और संजू बाई के सिर पर दे मारा । बहू ने धमकी दी कि अगर वह नहीं सुधरी तो उसकी जान ले लेगी।

### मंदिर के समीप गंदी हरकत पर भड़के बजरंगी

इंदौर। बेटमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सागर रोड स्थित बालाजी मंदिर के समीप दूसरे वर्ग के युवक बैठे हुए थे, जिन्होंने गंदी हरकत शुरू की, जिसकी जानकारी बजरंग दल कार्यकर्ता रितिक चौहान को लगी तो उन्होंने और अड़ोस-पड़ोस के रहवासियों को जानकारी दी। इधर कुछ महिलाओं पर भी गलत शब्दों का इस्तमाल इन युवकों ने मंदिर के समीप बैठकर किया था। इस पर कुछ दिनों से आपत्ति ली जा रही थी और जैसे ही बजरंगी रितिक चौहान ने लोगों को मैसेज दिया कि युवक मंदिर के समीप बैठकर हंसी ठिठोली कर रहे हैं और महिला-युवती निकल रही है तो फब्तियां कस रहे हैं। इस पर बजरंगियों के साथ रहवासी भी एकत्रित हो गए और वर्गविशेष के युवकों को पकड़ा और उनकी बजरंगी स्टाइल में खातिरदारी भी कर दी, हंगामा मचा तो पुलिस बेटमा भी पहुंच गई और लोगों ने इस युवक को पकड़कर थाना में भिजवाया। फब्तियां जिन महिलाओं पर कसी गई थी उन्होंने रिपोर्ट नहीं लिखाई, तो पुलिस ने इस फब्तीबाज वर्गविशेष के युवक पर धारा 151पर कार्रवाई की। मौके पर रितिक चौहान, वेदांत कुमरावत, कपिल बेरागी, अरविंद मारोठिया, बादल शर्मा, गोपाल सोनी, सुनील यादव, कान्हा दरबार, आनद गवली सहित सहित अन्य हिन्दूवादी मौजूद थे।

# बर्तनों के बीच बैठे सांप ने मासूम को काटा, मौत

## चीख सुनकर मां पहुंची, पिता बोले- छह माह पहले भी दिखा था यही सांप

**नगर प्रतिनिधि**

इंदौर। इंदौर के तेजाजी नगर में आठ साल की एक बच्ची की सांप के काटने से मौत हो गई। सोमवार रात में वह खाना खाने के लिये थाली लेने गई। सांप थाली के पीछे ही बैठा था। जैसे ही बच्चे ने थाली उठाई सांप ने काट लिया। बच्ची जोर से चीखी तो मां उसके पास आई। यहां सांप भागता दिखाई दिया। पिता उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

तेजाजी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची का नाम ऋषिका बघेल (8) निवासी असरावद खुर्द है। उसके पिता बंशीलाल उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने बातचीत में बताया कि रात में करीब 8 बजे के लगभग बेटी को सांप ने काट लिया था। वह उस समय डेयरी पर थे। पत्नी मनीषा ने फोन पर सूचना दी। वह बेटी को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां से डॉक्टरों ने एमवायएच भेज दिया। बंशीलाल ने बताया कि सांप बर्तनों के बीच बैठा था। बेटी का ध्यान नहीं गया। घटना के वक्त छोटी बेटी और एक बेटा भी कमरे में मौजूद था। परिवार के मुताबिक सांप करीब छह माह पहले घर के पास दिखा था। तब हमें लगा कि वह यहां से चला गया होगा। बंशीलाल और उनका परिवार मूल रूप से कुक्षी का रहने वाला है। बंशीलाल कुछ साल पहले काम की तलाश में इंदौर आए थे।

# बाइक के सामने कुत्ता आया, पीछे बैठे पिता की मौत

## बेटा हेलमेट पहना था, इसलिए बच गया

इंदौर। भागीरथपुरा में सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई। जबकि हेलमेट पहने बैठे बेटे को हाथ और पैर में मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि बेटा पिता को लेकर टाइफाइड की दवा लेने जा रहा था। इस दौरान कुत्ते के गाड़ी के बीच में आने से हादसा हो गया।

पुलिस के मुताबिक घटना भागीरथपुरा की है। यहां विकास (49) पुत्र जगन्नाथ मंडल निवासी गंगा विहार कॉलोनी की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि बेटा राजिक मंडल घायल हुआ है। बेटे ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे वह पिता को साथ लेकर टाइफाइड की दवा लेने राजबाड़ा जा रहे थे।

भागीरथपुरा के नजदीक बाइक के सामने अचानक कुत्ता दौड़कर आ गया। उसे बचाने के चलते तेजी से ब्रेक लगाया तो बाइक फिसल गई। इससे पिता और बेटा दोनों नीचे गिर गए। पीछे बैठे पिता के सिर में चोट आई। उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल ले गए। लेकिन यहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बेटे राजिक ने कहा कि मैंने हेलमेट पहनी थी, इस वजह से मेरा सिर बच गया। विकास पेशे से बुटीक का काम करते थे। वे पत्नी और दो बेटों के साथ रहते थे।

### तीन हादसों में तीन की मौत

शहर में तीन अन्य हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें प्रतापसिंह (45) पुत्र शिवनाथ निवासी बाणंगगा को देवगुराडिया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दूसरी घटना राजेन्द्र नगर इलाके में हुई। यहां दीपक (28) निवासी छोटी खरगोन को चोइथराम मंडी के यहां अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस परिवार के बारे में जानकारी निकाल रही है। इसी तरह इमामुद्दीन (60) निवासी कोहिनूर कॉलोनी की आजाद नगर में सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।



# होटल में पुलिस ने मॉक ड्रिल कर सुरक्षा परखी

इन्दौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा आज होटल श्रीमाया आर एन टी मार्ग इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम ने होटल श्रीमाया के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा वहा की सुरक्षा के संबंध में स्टाफ के साथ बात की तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में क्या करे और क्या न करें आदि महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

### काम कर रहे मजदूर को आए चक्कर,मौत

इंदौर । बिगड़ी जीवन शैली के चलते अटैक के मामले आम होते जा रहे हैं, अब तो कठोर श्रम करने वाले भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। कल बाणगंगा इलाके में इसी तरह का मामला सामने आया है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार मृतक का नाम कालूराम पिता शिवलाल निवासी अहिल्या आश्रम पोलो ग्राउंड है। एक कंस्ट्रक्शन साइट पर वह काम कर रहा था तभी चक्कर आए और गिर गया। उसके साथ काम कर रहा शिवजीत उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर ने अटैक की आशंका जताई है। गौरतलब है की पिछले कुछ दिनों में नई उम्र के लोगों की मौत अटैक से लगातार हो रही है।

# आश्रम से मानसिक दिव्यांग नाबालिग लापता

## श्री युग पुरुष धाम से दूसरे आश्रम शिफ्ट किया था, अपहरण का केस दर्ज

इंदौर। श्री युग पुरुष धाम से बच्चों को शहर के दूसरे आश्रमों में शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान 16 साल का नाबालिग लापता हो गया। वह मानसिक दिव्यांग है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। बच्चे की तलाश की जा रही है।

आश्रम संचालिका डॉ. अनिता शर्मा ने तेजाजी नगर पुलिस को बताया, नाबालिग को रविवार को खंडवा नाका स्थित अखंड परमानंद आश्रम में शिफ्ट किया गया था। इस आश्रम की संचालिका शुभदा ऑस्कर ने नाबालिग के लापता होने की जानकारी श्री युग पुरुष धाम को दी।

शुभदा ने बताया, सोमवार शाम 4 बजे जब गिनती की गई तो वह नाबालिग हॉल में खेल रहा था। शाम 7 बजे दोबारा की गई गिनती में वह दिखाई नहीं दिया। उसे कई जगह तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर डॉ. अनिता शर्मा तत्काल अखंड परमानंद आश्रम पहुंचीं और पुलिस में शिकायत की। उन्हें नाबालिग के अपहरण की आशंका है। उसने ग्रीन टी शर्ट और नीला पंजामा पहना है। कपड़ों पर युग पुरुष धाम आश्रम का लोगो भी बना है।

**जनवरी में हरदा से आया था नाबालिग-** हरदा की आनंद बाल कल्याण समिति ने 10 जनवरी को नाबालिग को श्री युग पुरुष धाम आश्रम को सौंपा था। पिछले कुछ दिनों में युग पुरुष धाम में बच्चे बीमार पड़ने और आश्रम ओवरलोड होने के कारण उसे अखंड परमानंद आश्रम में शिफ्ट किया गया था। डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि हरदा की बाल कल्याण समिति को सूचना दे दी गई है।

**कांग्रेस नेता का आरोप- आश्रम में 18 से 22 साल की चार लड़कियों को गायब किया-** कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने आरोप लगाया कि आश्रम से 18 से 22 वर्ष की चार लड़कियां लापता हैं। यादव ने आशंका जताई कि इन लड़कियों को ऑक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन लगाए गए थे। आश्रम में मौजूद बच्चियों का एम्स की महिला डॉक्टरों की टीम द्वारा मेडिकल टेस्ट कराया जाए। आश्रम में 18 वर्ष से अधिक की लड़कियों को किसके आदेश पर रखा गया था। आश्रम में छह बच्चों की मौत होते ही इन लड़कियों को कहां गायब किया गया। इसकी भी जांच की जाए।

# होस्टल वार्डन से छेड़छाड़

## बहन से मिलने जा रही थी बाइक सवार ने किया पीछा

इंदौर। इंदौर के भंवरकुआ में होस्टल की वार्डन से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। वह उज्जैन के निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई भी कर रही है। बाइक सवार उसे आते जाते परेशान करता था। जब वह अपनी बहन के घर गई तो उसे रास्ते में रोका ओर बात करने की कोशिश की। पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सवार्नंद नगर में एक होस्टल में वार्डन का काम करने वाली छात्रा ने बताया कि वह सोमवार देर शाम अपनी बहन के होस्टल विष्णुपुरी की तरफ पैदल जा रही थी। तभी रास्ते में गौरव जोशी जिसने मुझे भोलाराम उस्ताद मार्ग पर देखा और बाइक से पीछा करने लगा। उसने विष्णुपुरी इलाके में घूरने के बाद अश्लील इशारे किये। इसके बाद स्माईल दी। तब तक बहन के होस्टल के यहां पहुंच चुकी थी। बहन को कॉल कर नीचे बुलाया ओर गौरव जोशी को चिल्लाया। तो वह मौके से भाग गया। वार्डन ने बताया कि गौरव जोशी पहले भी कई बार उसका पीछा करता रहता है। यह बात होस्टल के संचालक को भी बताई थी। पुलिस ने गौरव के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### कचरे में लगी आग

इंदौर । संगम नगर इलाके में एक अस्पताल के नजदीक कचरे में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और5 हजार लीटर पानी बहकर आग बुझाई। किसी तरह का कोई नुकसान सामने नहीं आया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना संगम नगर स्कीम नंबर ५१ में संगम अस्पताल के पास हुई है । कल रात दम कल विभाग को आग लगने की सूचना मिली तो गाड़ियां मौके पर पहुंची। कचरे में आग लगी थी आग बुझाने में 5000 लीटर पानी बहाया गया है।

# मयूर हॉस्पिटल में तोड़फोड़ 18 दिन बाद केस दर्ज

इंदौर। मयूर अस्पताल के डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने 18 दिन बाद दो आरोपियों पर तोड़फोड़ और मारपीट का केस दर्ज किया है। खजराना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मयूर अस्पताल के डायरेक्टर रियाज सिद्दीकी की शिकायत पर मोहम्मद अकील और मोहम्मद रहीम पर केस दर्ज किया है।

सिद्दीकी ने बताया कि शेख रशीद (59) निवासी भूरी टेकरी को 14 जून को एमवाय अस्पताल से मयूर अस्पताल में शिफ्ट किया गया। उन्हें आंतों में बीमारी थी। 20 जून को उनकी तबीयत बिगड़ी और आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उनके बेटे शेख अकील और भांजे मोहम्मद रहीम को जानकारी दी गई। तबीयत में सुधार नहीं होने पर दोनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। अस्पताल में आग लगाने की धमकी भी दी। डायरेक्टर रियाज सिद्की के असिस्टेंट राजेश साद, नर्सिंग स्टाफ रामकुमार कासवान, फ्रंट ऑफिसर स्टाफ नवीन पाटीदार, सिक्योरिटी गार्ड रामसिंह के साथ मारपीट की। इनकी धमकी और तोड़फोड़ से डरकर स्टाफ के कुछ लोग वहां से भाग गये। डायल 100 को मामले में सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर परिजन शांत हुए। लेकिन हास्पिटल का पेमेंट दिए बिना चले गए। बाद में रियाज सिद्दिकी ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए आवेदन दिया। उसमें मेडिकल प्रोटक्शन के तहत कार्रवाई की मांग की गई।

### नगर पालिकाओं की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

इंदौर । निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2024 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने संबंधी कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहित जैन पिता मनीष जैन यह घोषणा करता हूं कि पूर्व में मेरे पिता का नाम मनीष जैन (MANISH JAIN) था अब मैंने मेरे पिता का नाम (MANISH KUMAR JAIN) मनीष कुमार जैन रख लिया है ' वर्तमान में एवं भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावे' सूचना जाने '

**मोहित जैन पिता मनीष कुमार जैन ,मोहित वीडियो गेम हाऊस नंबर 20/6 हाटकेश्वर वार्ड 34 हरिगंज खंडवा, मोबाइल 94248 32544**

# दस किलो के त्रिशूल सहित कांटाफोड़ मंदिर के 90 श्रद्धालु हुए अमरनाथ के लिए प्रस्थित



इंदौर। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के 90 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को जब मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ यात्रा के लिए प्रस्थित हुआ तो सैकड़ों भक्तों ने बाबा बफार्नी के जयघोष एवं बोल बम के उदघोष से रेलवे स्टेशन को गुंजायमान बनाए रखा। सभी श्रद्धालुओं को विधायक गोलू शुक्ला ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर विदाई दी। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल सहित अनेक पदाधिकारियों ने यात्रा पर जा रहे भक्तों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि यात्रियों के साथ करीब 10 किलो वजन का त्रिशूल भी अमरनाथ ले जाया जा रहा है। सुबह यात्रा के कांटाफोड़ मंदिर से रेलवे स्टेशन रवाना होने के पूर्व मंदिर के पुजारी पं. हरिशंकर शास्त्री ने इस त्रिशूल को मनकामेश्वर महादेव को समर्पित कर पूजा-अर्चना के बाद अमरनाथ के लिए बिदा किया। मंदिर के भक्त सुशील प्रजापति इस त्रिशूल को लेकर जा रहे हैं। इस बार अमरनाथ जाने वाले भक्तों में तीन सेवादार भी जा रहे हैं, जो 12 जुलाई को सुबह बाबा की गुफा का पुष्प एवं अन्य अलंकरणों से श्रृंगार करेंगे । आज प्रस्थित हुए भक्तों में 55 पुरुष एवं 35 महिलाएं शामिल हैं। इन्हें बैंडबाजे के साथ मंदिर से स्टेशन लाया गया और वहां आत्मीय समारोह में विधायक गोलू शुक्ला ने सबको भावपूर्ण विदाई दी। सभी श्रद्धालु 17 जुलाई को इंदौर लौट आएंगे।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (मप्र)**

क्रमांक/2795/लो.नि.शा. रतलाम दिनांक 09.07.2024

**ई-निविदा आमंत्रण**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी आनलाईन वेबसाईड http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है-

| क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 356191 | विधायक निधी से वार्ड क्र. 11 संतकवर रामनगर खेल मैदान में हाल एवं टायलेट निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) | 1-6 माह 2-1524510/- | 1- 2000/- 2-30490/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 2 | 356192 | वार्ड क्र. 20 दीनदयाल नगर (डी सेक्टर) बाल हनुमान मंदीर से पुरानी पानी की टंकी तक डामरीकरण कार्य एस्टीमेट अनुसार (सप्तम आमंत्रण) | 1-3 माह 2-816050/- | 1- 2000/- 2-16330/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 3 | 356193 | वार्ड क्र. 27 चमन गली में सी सी सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (अष्टम आमंत्रण) | 1-3 माह 2-610100/- | 1- 2000/- 2-12210/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 4 | 356194 | विधायक निधी से वार्ड क्र. 28 बजरंग नगर के मुख्य मार्ग के समीप सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (नवम आमंत्रण) | 1-3 माह 2-500250/- | 1- 2000/- 2-10005/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 5 | 356195 | वार्ड क्रमांक 31 डोसीगांव क्षेत्र में सी सी सडक निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) | 1-3 माह 2-1468150/- | 1- 2000/- 2-29370/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 6 | 356196 | वार्ड क्र. 32 रामास होटल के पीछे सीसी सडक निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (नवम आमंत्रण) | 1-2 माह 2-211385/- | 1- 2000/- 2-4230/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 7 | 356197 | वार्ड क्र. 33 महाराणा प्रताप चौराहे पर टायलेट ब्लाक निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (नवम आमंत्रण) | 1-2 माह 2-417315/- | 1- 2000/- 2-8350/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 8 | 356198 | वार्ड क्रमांक 44 बोहरा बाखल में सीसी रिन्यूअल कोट कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) | 1-3 माह 2-784525/- | 1- 2000/- 2-15700/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 9 | 356199 | वार्ड क्रमांक 26-49 नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) | 1-12 माह 2-3354835/- | 1- 5000/- 2-50000/- | 1-23-07-2024 15.30 |
| 10 | 356200 | सांसद निधि से रतलाम शहर में पावर हाउस रोड स्थित रतलाम प्रेस क्लब के लिए सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य। एस्टीमेट अनुसार (ग्यारवा आमंत्रण) | 1-4 माह 2-892950/- | 1-2000/- 2-17860/- | 1-23-07-2024 15.30 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, रतलाम**

**Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
**CIN: L24219MP1982PLC004937**
Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.) Phone: 0731-4753666
E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

**NOTICE TO EQUITY SHAREHOLDERS**

**Sub: Transfer of Equity Shares of the Company to Investor Education and Protection Fund (IEPF) Suspense Account**

Members are hereby informed that in terms of Section 124 of the Companies Act 2013 ("the Act") read with the Investors Education and Protection Fund Authority (Accounting Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 (the Rules) as notified by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India, Equity Shares of the Company in respect of which dividend entitlements have remained unclaimed or unpaid for seven consecutive years or more are required to be transferred by the Company to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) of the Government of India.

Unclaimed or Unpaid Dividend upto the year 2016-17 will be transferred by the Company to the IEPF within the statutory time period and such dividend from the year 2017-18 onwards is presently lying with the Company.

Individual Letters in this regard have been sent on Thursday, June 6, 2024 to the concerned shareholders at their address registered with the Company. Further the statement containing the details of name, address, folio number and number of shares due for transfer is made available on Company's Website **www.kcfl.co.in** for information and necessary action by the concerned shareholders.

Shareholders who have not claimed the dividends for the last seven years are advised to claim the dividends by writing to the Company on or before Tuesday, October 15, 2024 or such other date as may be extended. In case, no valid claim is made on or before the said date, the Company will take required action for transfer of the shares to the IEPF Suspense Account.

Concerned shareholders holding shares in physical form and whose shares are liable to be transferred to IEPF, may note that the Company would be issuing duplicate share certificate in lieu of the original certificate held by them for the purpose of transfer of shares to IEPF and the Company shall inform the depository by way of corporate action to convert the duplicate share certificate into demat form and transfer in favour of IEPF. Further that the original share certificate which is registered in the name of original shareholders and Transferred to the IEPF will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable. Concerned shareholders holding shares in dematerialized form may note that the Company shall inform the depository by way of corporate action for transfer of shares in favour of the demat account of the IEPF.

In case, the concerned shareholders wish to claim the shares after transfer to IEPF, a separate application has to be made to the IEPF Authority in Form IEPF - 5, as prescribed under the Rules and the same is available at IEPF Website **(www.iepf.gov.in)**

**Please note that no claim shall lie against the Company and its Registrar & Share Transfer Agent in respect of unclaimed dividend amount & Shares transferred to IEPF Authority pursuant to said rules.**

For any clarification on the matter, please contact the Company Secretary & Compliance Officer of the Company at The B Zone, 7th Floor, Pipliya Kumar, Nipania Main Road, Indore-453771 (M.P.), Telephone : 0731-4753666, **e-mail: secretarial@kcfl.in** or may contact Company's Registrar & Share Transfer Agent, M/s. Ankit Consultancy Private Limited at 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore 452010 (M.P.), Telephone: 0731-4065799, 98, 97 **e-mail: investor@ankitonline.com.**

By order of the board
For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
**Sejal Maheshwari**
(Company Secretary & Compliance Officer)

Place : **Indore**
Date : **09.07.2024**

VIGILANCE